# स्वदेशी उत्पाद अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में दें योगदान : राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि स्वदेशी उत्पाद अपनाकर हम एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने उक्त शब्द शुक्रवार को भाजपा द्वारा रेलवे स्टेशन जगाधरी यमुनानगर पर हर घर स्वदेश, घर घर स्वदेशी के तहत चलाए गए अभियान के तहत प्लेटफार्मों व रेलगाड़ियों में आए यात्रियों को आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प के पंपलेट वितरित करते हुए कहे। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा भी मौजद रहे।



यमुनानगर। रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में यात्रियों को आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प के पंपलेट वितरित करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर मिशनों के माध्यम से विश्व में एक महत्वपूर्ण विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पाद अपनाकर हम एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने लोगों से आह्वान किया कि आइए इस जन आंदोलन में करोड़ों भारतीयों के साथ मिलकर स्वदेशी अपनाएं और देश को आत्मनिर्भर बनाएं। उन्होंने बताया कि आईटीआई सूक्ष्म युवा योजना के तहत 60 हजार युवाओं को आईटीआई कौशल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। किसानों के लिए प्रमुख योजना हरियाणा के एमएसएमई निदेशालय के अंतर्गत यह प्रकोष्ठ, कृषि बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर केन्द्रित है। हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नए सूक्ष्म उद्योगों और कृषि पर आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करता है।

महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना जिसके तहत तीन लाख तक का ऋण दिया जाता है। ड्रोन दीदी योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को ड्रोन संचालन और रख रखाव में प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाना और और आजीविका के अवसर प्रदान करना है। यह राष्ट्रीय नमो ड्रोन दीदी योजना का हिस्सा है।

### कौशल विकास में रहें आगे : अरोड़ा

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान योजना के तहत कौशल विकास में ग्रामीण युवाओं, विशेषकर गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल और उद्यमशीलता प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर और उद्यमी बनने में सक्षम बनाकर बेरोजगारी की समस्या का समाधान किया जाता है। इस अवसर पर चेयरमैन मार्किट कमेटी विपुल गर्ग, पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व चेयरमैन राम निवास गर्ग, राकेश त्यागी, प्रीति जौहर, रामेश्वर चौहान व पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम ने शहर की स्वच्छता के लिए उठाया कदम

# मॉडल टाउन व रेलवे रोड से हटाए अवैध होर्डिंग और बैनर

**सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से लगे होर्डिंग बिगाड़ रहे शहर की सुंदरता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

ट्विन सिटी यमुनानगर-जगाधरी को स्वच्छ व सुंदर रखने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा शुक्रवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए अवैध होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर व बोर्ड को हटाया गया। अवैध रूप से लगे यह होर्डिंग व बैनर शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहे थे।

वहीं, इनसे यातायात प्रभावित होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। शुक्रवार को नगर निगम की टीम एसडीओ राजेश शर्मा के नेतृत्व में सबसे पहले मॉडल टाउन में पहुंची और वहां अवैध रूप से लगाए होर्डिंग्स, बैनर व बोर्ड को हटाने की कार्रवाई शुरू की।

इसके बाद निगम की टीम ने नेहरू पार्क, संतपुरा मार्ग, नेहरू पार्क रोड, तिकोना पार्क, गोविंदपुरी रोड, शहीद भगत सिंह चौक, प्यारा चौक, मधु चौक व अन्य स्थानों पर लगे होर्डिंग, बैनर, साइन बोर्ड, पोस्टर व अन्य विज्ञापन सामग्री हटाई। वहीं, निगम की टीम ने सड़क के डिवाइडर पर लगे पोल, पेड़ों व अन्य स्थानों पर लगाए गए होर्डिंग भी हटाए। इस दौरान निगम की टीम ने होर्डिंग व बैनरों को उतारकर निगम के वाहनों में डालकर गोदाम में पहुंचाया।




यमुनानगर। मॉडल टाउन से अवैध होर्डिंग हटाती निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

### बिना अनुमति के न लगाएं होर्डिंग्स

निगम के एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शहर में अवैध रूप से लगे व सड़क किनारे रखे होर्डिंग और बैनर हटाने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देशों पर शुक्रवार को उनकी टीम ने कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि शहर में होर्डिंग व बैनर लगाने के लिए विभिन्न स्थानों पर विज्ञापन साइट बनी हुई है। निर्धारित फीस जमा करवाकर कोई भी इन स्थानों पर अपने होर्डिंग व बैनर लगा सकता है। मगर नगर निगम की अनुमति के बिना कोई भी शहर की सड़कों, पार्कों व सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग और बैनर न लगाए। बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग व बैनरों को उतारकर जब्त कर लिया जाएगा। शहर में अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग व बैनर हटाने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## बाइक सवार युवक ने युवती से झपटा मोबाइल, फरार

**यमुनानगर ।** जगाधरी के बसंत नगर स्थित कान्वेंट स्कूल के पास बाइक सवार युवक ने देर शाम युवती के हाथ से मोबाइल छीन लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दुर्गा गार्डन निवासी काजल ने हुडा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह शाम सात बजे बसंत नगर जगाधरी में कान्वेंट स्कूल के पास किसी काम से गई थी। इस दौरान उसके पास उसके किसी परिचित का फोन आया। जब वह फोन सुनाने लगी तो बाइक पर सवार होकर आए युवक ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया और मौके से फरार हो गया। पीछा करने पर भी वह काबू नहीं आया।

### खेतों में चोरी

गांव बहादुरपुर निवासी हरदीप सिंह ने जठलाना पुलिस थाने में दिए शिकायत में बताया कि 26 नवंबर की शाम को वह खेतों से काम करके घर वापस आ गया था। अगली सुबह जब वह खेतों में गए तो उसे ट्यूबवेल की मोटर की तारें गायब मिली। जांच करने पर उनके पड़ोसी जीवन कपूर, मलकीत सिंह, राजकुमार व सरजीत सिंह के ट्यूबवेल से मोटर की तारें कटी मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**यमुनानगर ।** जगाधरी के हुडा सेक्टर में महिला को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, जगाधरी के हुडा सेक्टर निवासी 42 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पहले पति से अनबन के चलते तलाक हो गया था। इसके बाद से वह अपने घर पर रहती है। इस दौरान उसकी मुलाकात अंकित नामक युवक से हुई। आरोपी ने उसे अपनी बातों में उलझा कर उससे प्यार का नाटक किया। इसके बाद आरोपी उससे शादी करने के लिए बोलने लगा। पीड़िता ने बताया कि एक दिन आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी अंकित से मिलने के लिए आई तो आरोपी उसे अपने साथ ले गया। जहां आरोपी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया।

## भारतीय संविधान हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार स्तंभ : डिमरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला बार एसोसिएशन जगाधरी द्वारा अधिवक्ता परिषद यमुनानगर के सहयोग से शुक्रवार को बार भवन में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस तथा संविधान दिवस का संयुक्त रूप से स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश आर.सी डिमरी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट विक्रांत सिंह चौहान ने की। मौके पर गुरुद्वारा साहिब से भाई मंजीत सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्यातिथि एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरसी डिमरी ने गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को नमन किया। मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रांत सिंह चौहान ने सभी अतिथियों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं अधिवक्ता समुदाय का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर पारस हेल्थ पंचकूला द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया। मौके पर एसोसिएशन के महासचिव विशाल गर्ग अग्रवाल, उपाध्यक्ष सोनिया रोहिल्ला, सह सचिव शुभम गौतम, कोषाध्यक्ष शुभम पाल, जसदीप अरनेजा, कंवरदीप सिंह, अमृतपाल सिंह, नरेश खुराना, नरेन्द्र राणा , नितेश बंसल, अतुल त्यागी, शुशील गर्ग, अनिल अग्रवाल, बृजेश प्रताप, अमरजीत सिंह गधोला, श्याम चंद गर्ग व शबीना खान मौजूद रहे।



यमुनानगर । बार भवन में मुख्यातिथि को शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते सदस्य।

## शोभायात्रा निकालकर देंगे गीता का संदेश, 3500 करेंगे श्लोकोच्चारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह का शुभारंभ शनिवार को किया जाएगा। महोत्सव का समापन एक दिसंबर को होगा। महोत्सव को सफल बनाने के लिए जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ ने की।

एसडीएम विश्वनाथ ने बताया कि जिलास्तरीय गीता महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को जगाधरी के बुड़यिा चौक के नजदीक स्थित मंदिर सदगुरु श्री प्यारे जी महाराज में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। वहीं, शोभा यात्रा निकाली जाएगी और गीता पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला के लोगों से तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया। एसडीएम विश्वनाथ ने बैठक में अधिकारियों को जिलास्तरीय गीता जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए जिम्मेवारियां सौंपी। एसडीएम विश्वनाथ ने बताया कि महोत्सव के दौरान एक दिसंबर को गीता श्लोकोच्चारण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न स्कूलों के 3500 विद्यार्थी भाग लेंगे।



यमुनानगर। यमुनानगर के लघु सचिवालय में जिलास्तरीय गीता जयंती महोत्सव को लेकर आयोजित बैठक में दिशा-निर्देश देते एसडीएम विश्वनाथ।

**खेल**

**ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस रादौर में इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन**

# शारीरिक शक्ति ही नहीं मानसिक मजबूती भी खेल में सफलता की अहम कड़ी : एसपी

- स्टार वे स्कूल की टीम विजेता व कृष्णा पब्लिक स्कूल की टीम को रनरअप घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस रादौर में चल रही तीन दिवसीय इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हो गया। प्रतियोगिता में यमुनानगर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गायेल मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

एसपी कमलदीप गोयल ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व को समझाते हुए बताया कि केवल शारीरिक शक्ति नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती भी खेल में सफलता का अहम हिस्सा है। माता सावित्री देवी इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मेनिया-2025 टूर्नामेंट के अंतर्गत प्रथम दिन दस टीमों के मध्य मैच हुए। जिनमें गवर्नमेंट स्कूल अलाहर, श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल खजूरी, स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी एवं इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर की टीम शामिल थी। तीसरे दिन इन सभी टीमों के मध्य बेहद रोमांचक मैच हुए। फाइनल मुकाबला स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी व श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल खजूरी के बीच खेला गया।

इसमें स्टार वे स्कूल की टीम विजेता व कृष्णा पब्लिक स्कूल की टीम को रनरअप घोषित किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन विकास गर्ग, सुनील कुमार, जसवंत एवं डीपीई सौरभ द्वारा किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में कमलदीप गोयल, एसपी यमुनानगर एवं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आशीष चौधरी, डीएसपी रादौर उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि एवं गेस्ट ऑफ ऑनर का स्वागत संस्थान चेयरमैन सीए एसके जिंदल एवं वाइस चेयरपर्सन इंदू जिंदल द्वारा गुलदस्ता देकर किया गया। संस्थान समूह निदेशक डॉ. अश्वनी कुमार ढींगरा व निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल द्वारा शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। फार्मेसी छात्रों ने नशा मुक्ति पर एक बहुत सुंदर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। संस्थान चेयरमैन एवं मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को 11 हजार व उपविजेता टीम को 71 सौ रुपये नगद इनाम एवं ट्रॉफी प्रदान की।



रादौर। यमुनानगर कस्बा रादौर में ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज में विजेता टीम को सम्मानित करते आयोजक।



यमुनानगर। यमुनानगर के स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विजेता टीम का प्रमाण पत्र देकर स्वागत करती स्कूल की चेयरपर्सन व स्टाफ सदस्य।

### विजेता क्रिकेट टीम का किया सम्मान

**यमुनानगर ।** स्टार वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुर्दी की क्रिकेट टीम ने गत दिवस ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान नाचरौन में आयोजित माता सावित्री देवी इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्राफी पर कब्जा जमाया है। शुक्रवार को विजेता टीम का स्टार वे स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। स्कूल की चेयरपर्सन स्नेहलता कांबोज व प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया और उन्हें बधाई दी। क्षेत्र के समाजसेवी जोगिंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भाग लेकर अपने अभिभावकों, स्कूल, जिला व देश और प्रदेश का नाम रोशन करना चाहिए।

**खबर संक्षेप**



रादौर। यमुनानगर के कस्बा रादौर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में विजेताओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### व्लॉग फेस्ट में बढ़ाया संचार कौशल

**रादौर।** जेएमआईटी के पर्सनेलिटी डेवलपमेंट रादौर विभाग की ओर से व्लॉगफेस्ट 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जेएमआईटी कॉलेज के 65 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संचार कौशल, रचनात्मकता और डिजिटल मीडिया की समझ को बढ़ावा देना था। कॉलेज जीवन की जीवंत झलक, टीम भावना और विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी को प्रदर्शित किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने व्लॉगिंग, वीडियो एडिटिंग, रिकॉर्डिंग व एंकरिंग जैसे क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाई। निर्णायकों ने प्रस्तुतियों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया और सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया। जेएमआईटीए निदेशकए डॉ. एसकेण गर्ग ने कहा कि व्लॉगफेस्ट 2025 जैसे आयोजन विद्यार्थियों को डिजिटल मीडिया की नई संभावनाओं से परिचित कराते हैं और उन्हें आत्मविश्वास, टीमवर्क तथा सृजनशील अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करते हैं। आयोजन का नेतृत्व पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विभाग की प्रमुख डा. जया मल्होत्रा, फैकल्टी सदस्य हर्षित व सुश्री अनामिका सोनी ने किया।



रादौर। यमुनानगर के कस्बा रादौर में महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन करते प्रधान संदीप सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### महात्मा ज्योतिबा फुले को अर्पित की पुष्पांजलि

**रादौर ।** सैनी समाज रादौर की ओर से शुक्रवार को शहर के खेड़ा मोहल्ला में देश के महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 135वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी रहे। संदीप सैनी ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि भेंट की। प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एक समाज सुधारक, शिक्षाविद् और विचारक थे। उन्होंने भारतीय समाज में प्रचलित जातिवाद, अस्पृश्यता और लिंग असमानता के खिलाफ लगातार संघर्ष किया। फुले ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी हथियार माना और विशेष रूप से दलितों और महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की। जिसने सामाजिक भेदभाव, अंधविश्वास व धार्मिक कट्टरता के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर कुलदीप सैनी, राजेश कुमार, विक्रम सैनी, कणिक सैनी, नीरज सैनी, राघव सैनी, रवि कुमार, नक्ष सैनी, जगन चौहान, अंशु सैनी आदि उपस्थित रहे।



रादौर। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को बाल विवाह नहीं करने के लिए समझातीं मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में दें सहयोग : कौर

**यमुनानगर ।** महिला एवं बाल विकास विभाग व जिला युवा विकास संगठन के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत मधुर कालोनी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी तरविंदर कौर ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। मुख्यातिथि महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी तरविंदर कौर ने कहा कि विवाह की सही उम्र लड़कियों की 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष होती है। यदि कम उम्र में शादी करवाई जाती है तो वह एक अपराध है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कम उम्र में शादी करवाना अपराध है। इसकी रोकथाम के लिए सभी को सहयोग देना होगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मिक्षा रंगा के मार्गदर्शन में बाल विवाह निषेद पर जागरूक किया जा रहा है। बचपन खत्म होने से पहले ही जब विवाह की जिम्मेदारी कंधे पर आ जाए इससे स्वास्थ्य, शिक्षा और मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। क्योंकि कम उम्र में शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक समय और अवसर नहीं मिल पाते। सुपरवाइजर शिवानी कांबोज ने बताया कि सर्किल की महिलाओं को बाल विवाह के प्रति जागरूक किया जाता है। महिलाओं के साथ साथ किशोरियों को भी इसकी जानकारी दी जाती है। परिजनों की जिम्मेवारी है कि बच्चों के विवाह की जल्दी न करें और सही उम्र में ही विवाह करें। मौके पर जिला युवा विकास संगठन से नैंसी और पूजा ने सभी महिलाओं से आग्रह किया कि बाल विवाह मुक्त अभियान को सहयोग देते हुए मजबूत बनाएं।



यमुनानगर। यमुनानगर के उत्थान संस्थान में बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ लेते संस्थान के पदाधिकारी।

### बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की ली शपथ

यमुनानगर । शहर की उत्थान संस्थान कार्यालय में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संस्थान के सभी सदस्यों ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। उत्थान संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर अंजू बाजपई ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत एक राष्ट्रीय अभियान है। जिसका लक्ष्य 2030 तक भारत से बाल विवाह को पूरी तरह खत्म करना है। उन्होंने बताया कि जिस भी गांव से हमारे पास बाल विवाह के ज्यादा केस आते हैं। हम उन गांव में जाकर वहां के सरपंच आदि से मिलकर गांव के लोगों में बाल विवाह के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे इस तरह की समस्या निरंतर आती रहेगी। इसके लिए लोगो का जागरूक होना जरूरी है। शिक्षाविद डॉक्टर पीके बाजपई ने कहा की आज के समय में हर लड़की शिक्षित, सुरक्षित व अपने सपनों को पूरा करने के लिए स्वतंत्र है। मौके पर संस्थान से रविंद्र मिश्रा, स्वाति ठाकुर, सुमित सोनी, हनी तोमर, राजेश व सन्नी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### लाडवा में श्रीदुर्गा चालीसा पाठ आज से

कुरुक्षेत्र। भगवती मानव कल्याण संगठन व पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम के संयुक्त तत्वधान में, धर्मसम्राट परमहंस योगीराज श्रीशक्तिपुत्र जी महाराज के संरक्षण, निर्देशन व आशीर्वाद से लाडया अनाज मंडी में समाज कल्याण हेतू 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ 29 नवंबर सुबह 11 बजे आरंभ होकर 30 नवंबर सुबह 11 बजे पूर्ण होगा। समापन पर पूर्णता की आरती होगी। भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष शिव बहादुर सिंह ने बताया कि समापन पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरव द्विवेदी, सिद्धाश्रम चेतना अद्वैत, सिद्धाश्रम चेलना अधीश की विशेष उपस्थिति रहेगी।

### पंजाब रोडवेज के कर्मियों पर लाठीचार्ज की निंदा

**कुरुक्षेत्र।** ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 1947 के राज्य प्रधान मायाराम उनियाल, राज्य महासचिव बलदेव सिंह मामू माजरा ने बयान में कहा है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में बड़े लुभाने वादे पूरा करने को लेकर आई थी। मगर 3 साल बीत जाने पर भी पंजाब में इस समस्याएं जो कि क्यों है। सरकारी विभागों का निजीकरण कर रही है। जब पंजाब रोडवेज की यूनियनों ने इसकी खिलाफत की तो पंजाब सरकार ने तानाशाही का रवैया अपनाते हुए संघर्ष शील कर्मचारियों को गिरफ्तार किया।

### कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति की छटा बिखेर कर पर्यटकों का मन मोहा

# ब्रह्मसरोवर के घाटों पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति ने मचाया धमाल

**अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव, एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित किए गए कलाकार 5 दिसंबर तक देंगे अपनी प्रस्तुति**

**तमाम प्रस्तुतियों को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से प्रस्तुत किया जा रहा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में ब्रह्मसरोवर के घाटों पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृतियों ने धमाल मचाया है। इन राज्यों के कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति की छटा बिखेर कर पर्यटकों का मन मोह लिया है। इस लोक संस्कृति से ब्रह्मसरोवर की फिजा विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति से रंग गई है। इन तमाम प्रस्तुतियों को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से प्रस्तुत किया जा रहा है। एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित किए कलाकारों में हिमाचल प्रदेश के कलाकार पूजा और घट नृत्य, जम्मू कश्मीर के कलाकार धमाली नृत्य व देकू भद्रवाही कुड व रुमाल नृत्य, पंजाब का झूमर व मलवाई गिद्दा, राजस्थान का चारी, उत्तराखंड के कलाकार पांडव नृत्य, मध्य प्रदेश का गंगौर व पांथी नृत्या, झारखंड का पायका नृत्य, उड़ीसा का संभालपूरी नृत्य सहित राजस्थान के कच्ची घोड़ी नृत्य, ढेरु गाथा गायन आदि की प्रस्तुति दी जा रही है। इन सभी लोक नृत्यों में कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति, लोक गायन कला और अपने रीति-रिवाजों को दशार्ने का अनोखा प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित किए गए यह कलाकार 5 दिसंबर तक अपनी प्रस्तुति देंगे। इन कलाकारों में जम्मू कश्मीर का कुड व राउफ नृत्य, पंजाब का भांगड़ा व जिंदवा, हिमाचल प्रदेश का सिरमौरी नाटी, उत्तराखंड का छपेली/घसीयारी नृत्य, राजस्थान का सावंरिया सवांग, गुजरात का सिद्दी धमाल, उतर प्रदेश के बरसाना की होली, छतीशगढ़ का पांडवानी गायन, मणीपुर का लाई हरोबा व मणीपुरी रास, झारखंड का पुरलिया छाउ, उड़ीसा का गोटी पुआ नृत्य के साथ-साथ राजस्थान के कच्ची घोड़ी, बाजीगर, बहरुपिए आदि नृत्यों की प्रस्तुति भी महोत्सव में देखने को मिल रही है। इस महोत्सव को विभिन्न प्रदेशों की लोक कला से रंगने का काम इन कलाकारों द्वारा किया जा रहा है।

### जादू कोई चमत्कार नहीं, बल्कि एक कला है:जादूगर सम्राट

कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा के सौजन्य से विश्व विख्यात जादूगर सम्राट शंकर का शो भरतमुनि रंगशाला कला कीर्ति भवन में आयोजित किया जा रहा है। केडीबी कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान जादूगर सम्राट शंकर ने बातचीत करते हुए बताया कि संसार में चमत्कार नाम की कोई चीज नहीं है, बल्कि जादू तो एक कला है। सरकार के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा रोको अभियान सहित अन्य मुहिम को आगे बढ़ाने काम जादू कार्यक्रमों के माध्यम से किया जा रहा है। जादूगर सम्राट शंकर ने बताया कि वे अभी तक 30 हजार से भी अधिक शो कर चुके है। भरतमुनि रंगशाला कला कीर्ति भवन (मल्टी आर्ट कल्चर सेंटर) के सभागार में 5 दिसंबर 2025 तक रोजाना दो शो आयोजित किए जाएंगे। शो का समय दोपहर 1 बजे व सांय 4 बजे रहेगा। इसके लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। जादूगर सम्राट शंकर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे जादू का शो अवश्य देखे, साथ ही अपने बच्चों को भी दिखाएं। उन्होंने कहा कि जादू एक कला है। ये पूरा पारिवारिक शो है। इसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पानी को बचाने, कन्या भ्रूण हत्या व नशा जैसी कुरीतियों पर ऐसे नए शो बनाए गए है जिससे समाज को जागरूक किया जा सके।



### गीता जीवन के मूल सिद्धांतों से कराती है परिचित

कुरुक्षेत्र। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता हमें जीवन के मूल सिद्धांतों, नैतिक मूल्यों और आदर्शों से परिचित कराती है। इस ग्रंथ के उपदेश हमें धर्म, कर्तव्य और निष्काम कर्म के महत्व को समझते हुए एक सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। यह केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह मानवता को जीने का सही दर्शन सिखाती है। पवित्र ग्रंथ गीता विश्व को शांति और सद्भावना का सार्वभौमिक संदेश देती है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज शुक्रवार को ब्रह्म सरोवर के पुरुषोत्तम बाग में आयोजित पांच दिवसीय भागवत कथा पाठ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्वलित कर व गीता पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शास्त्री संजीव कृष्ण ठाकुर द्वारा भागवत पाठ व भजनों द्वारा गीता के उपदेशों का गायन किया गया। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता में समाहित ज्ञान में ही विश्व शांति और सद्भावना का मार्ग निहित है। यह हमें द्वेष, भय और मोह से मुक्त होकर समभाव से जीवन जीने की शिक्षा देती है, जो वैश्विक एकता के लिए अत्यंत आवश्यक है।



### यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी ने लगाया रक्तदान शिविर

कुरुक्षेत्र। यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर अनुसंधान विकास केंद्र द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर के तट पर बूथ नंबर 747 पर 21 दिवसीय ब्लड एवं स्वास्थ्य कैंप की सेवाएं जारी है। संस्था के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर झांसा ने बताया कि संस्था पिछले 25 वर्षों से रक्तदान की सेवाएं दे रही है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर 2017 से लगातार रक्तदान एवं स्वास्थ्य कैंप लगाकर जरूरतमंदों एवं थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान मुहैया कराने का कार्य कर रही है। संस्था के नाम कई कीर्तिमान स्थापित है। संस्था को सरकार वं संस्थाओं द्वारा संस्था को विभिन्न स्थानों पर सम्मानित किया गया है।

### हरियाणा पवेलियन में मीडिया चौपाल लुप्त होती सपेरा संस्कृति को बचाने की पहल

कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वाधान में स्थापित हरियाणा पवेलियन में आयोजित मीडिया चौपाल में चिंता जताई कि सदियों पुरानी सपेरा संस्कृति धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है।



## अग्रवाल वैश्य समाज का 17वां स्थापना दिवस समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा



अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा अपने गौरवशाली इतिहास, संगठनात्मक एकता और सामाजिक उत्थान के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों के साथ इस वर्ष अपना 17वां स्थापना दिवस समारोह भव्य रूप से मनाने जा रहा है। समाज के प्रदेशभर के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और सम्मानित वैश्य बंधुओं की उपस्थिति में यह समारोह 30 नवम्बर को प्रातः 10:30 बजे होटल ग्रेस कैथल में आयोजित होगा। समारोह की जानकारी देते हुए विकास गर्ग ने बताया कि इस वर्ष संगठन ने उन पदाधिकारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है, जिन्होंने संगठन की मजबूती, सामाजिक जागरूकता और वैश्य समाज की पहचान को ऊँचाई देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। विकास गर्ग ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के मार्गदर्शन में तीनों इकाइयो महिला विंग, मुख्य इकाई और युवा विंग से कुल छह पदाधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



पूज्य गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन आशीर्वाद से श्रीकृष्ण आयुर्वेद वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा ने नेशनल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एवं हॉस्पिटल बरवाला हिसार के सहयोग से आयोजित अखिल भारतीय गीता एवं आयुर्वेद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित प्रबुद्ध गीता सम्मेलन में सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ सुरेश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर से 477 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि प्रदान की गई। महासचिव डॉ पंकज कौशिक ने बताया कि पूज्य गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा श्रद्धेय गोभक्त संजीव कृष्ण ठाकुर जी एवं प्रख्यात शिक्षाविद् मुकुल कानितकर की उपस्थिति में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली धन्वंतरि आयुर्वैदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल चंडीगढ़ की छात्रा साध्वी अरोड़ा को 31,000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली धन्वंतरि आयुर्वैदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल बरेली की छात्रा आयुषी गंगवार को 11000 एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली चौधरी देवी लाल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद जगाधरी की छात्रा महक को 5100 की राशि एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त 6 विद्यार्थियों गंगाशील आयुर्वेदिक एवं मेडिकल कॉलेज बरेली के अक्षत राठौड़, ए एन ए आयुर्वैदिक एवं मेडिकल कॉलेज बरेली से आदित्य राठौड़, इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद स्टडीज एंड रिसर्च कुरुक्षेत्र से निधि भावसार, उत्तरांचल आयुर्वेदिक कॉलेज देहरादून से स्वीटी अग्रवाल, धन्वंतरि मेडिकल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल बरेली से सुरेंद्र सिंह एवं नेशनल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एवं हॉस्पिटल बरवाला हिसार से उज्जवल को 2100 रुपए के सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**ये रहे मौजूद**

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ मार्कण्डेय आहूजा, डॉ सम्राट अशोक, डॉ विनोद अंचल, डॉ ऋतु, नेशनल कॉलेज ऑफ आयुर्वेद एवं हॉस्पिटल के चेयरमैन मनदीप मालिक, डायरेक्टर अक्षय दूहन, डॉ सुदर्शन चुघ आदि उपस्थित रहे।

## एनएमएमएस परीक्षा 30 को, जिले में बनाए गए आठ परीक्षा केंद्र

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना के तहत आयोजित एनएमएमएस परीक्षा 30 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने एनएमएमएस परीक्षा के सफल और नकल रहित आयोजन को लेकर जिला शिक्षा कार्यालय में बैठक आयोजित की। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा परीक्षा के लिए आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सम्बन्धित विद्यालयों के मुखिया ही केंद्र अधीक्षक के रूप में दायित्व निभाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा से संबंधित विस्तृत निर्देश देते हुए परीक्षा को पूर्णत नकल रहित कराने के सख्त आदेश दिए। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों में समय पर परीक्षा शुरू हो और बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला गणित विशेषज्ञ और एनएमएमएस परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी संजय कौशिक ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को इस परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिले के कुल 2500 बच्चों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है। परीक्षा 30 नवंबर 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महंत प्रभात पुरी स्कूल, मेजर नितिन बाली गीता निकेतन स्कूल, पूजा मॉडर्न स्कूल पिपली, एसएमबी गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र और आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व जय भारती विद्या मंदिर रामनगर में परीक्षा केंद्र बनाए गए है।

## आज गीता महायज्ञ से समारोह का शुभारंभ

- गीता जयंती महोत्सव कर्तव्य पालन, भाईचारा एवं समरसता का देगा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा


लाडवा। पत्रकारों को जानकारी देते एसडीएम पंकज सेतिया व साथ में लाडवा प्रशासन।

उपमंडल अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस बार भी गीता संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए आगामी 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक हिंदू हाई स्कूल परिसर में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हवन यज्ञ एवं गीता पूजन से इस महोत्सव की विधिवत शुरूआत होगी। इसको लेकर तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। तीनों दिन अलग अलग समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों होंगे, जिनमें स्थानीय कलाकारों व स्कूली बच्चों द्वारा गीता के संदेश पर आधारित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। यह गीता जयंती महोत्सव कर्तव्य पालन, भाईचारा एवं समरसता का संदेश देगा। एसडीएम पंकज सेतिया शुक्रवार को हिन्दू हाई स्कूल में जिला स्तरीय गीता जयन्ती की तैयारियों का जायजा ले रहें थे। इसके उपरान्त उन्होंनें बैठक लेकर अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। लाडवा में 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक तीन दिवसीय गीता जयन्ती समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं। एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि 29 नवम्बर को सुबह 10 बजे से गीता यज्ञ व गीता पाठ के साथ जिला स्तरीय गीता जयन्ती समारोह का शुभारम्भ किया जाएगा। इसके साथ ही सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई जा रही गीता प्रदर्शनी और क्रॉफ्ट फेयर का भी शुभारम्भ किया जाएगा।

## हीटर का अनुचित उपयोग कई गंभीर खतरों को जन्म दे रहा : डा. विनय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, कुरुक्षेत्र ने ब्रह्मसरोवर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में अपनी विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत सर्दियों में हीटर का सुरक्षित उपयोग विषय पर एक विशेष लोकप्रिय व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विनय गुप्ता, मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिसर, मनोचिकित्सा विभाग, सिविल अस्पताल कैथल, हरियाणा, ने बताया कि हीटर का अनुचित उपयोग कई गंभीर खतरों को जन्म दे सकता है। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से उपयोग किए गए हीटर से बंद कमरे में कार्बन मोनोऑक्साइड की अधिकता एवं ऑक्सीजन की कमी के कारण सांस घुटने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट, त्वचा संबंधी समस्याएँ और आग लगने जैसी घटनाएँ भी हो सकती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हीटर उपयोग करते समय कमरे में पर्याप्त वेंटिलेशन होना अत्यंत आवश्यक है। हीटर को हमेशा ज्वलनशील वस्तुओं से दूर रखें और ऑटो-कट फीचर वाले हीटर का उपयोग प्राथमिकता से करें।

## राष्ट्र के विकास में महिलाओं का बराबर योगदान

- नारी के बिना नहीं की जा सकती सभ्य समाज की कल्पना : स्वामी ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



गीता ज्ञान संस्थानम में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत प्रथम प्रबुद्ध महिला संगोष्ठी करवाई गई। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के सानिध्य में हुई इस संगोष्ठी में आसपास के जिलों से लगभग 500 महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की संयोजिका हरियाणा पुलिस शिकायत प्राधिकरण की सदस्य एवं पूर्व आईएएस सुमेधा कटारिया ने बताया कि संगोष्ठी में महिलाओं के लिए श्रीमद् भागवत गीता की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए तनाव मुक्त सकारात्मक जीवन दृष्टि का मार्ग प्रशस्त करने संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आईएएस आर विमला रेजिडेंट कमिश्नर महाराष्ट्र सरकार ने हिस्सा लिया। उन्होंने भी संगोष्ठी में हिस्सा लिया। तीनों बहनों को समारोह में प्रशस्ति पत्र, शॉल भेंट करके गीता प्रेरणा से सम्मानित किया गया।उर्वशी गुलाटी को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को विस्तृत स्वरूप देने और कुरुक्षेत्र के विकास में सहयोग के लिए गीता ज्ञान संस्थानम की ओर से सम्मानित किया गया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाओं की बराबर की हिस्सेदारी है। महिलाओं के सहयोग बिना राष्ट्र की कल्पना ही नहीं की जा सकती। कार्यक्रम की संयोजिका पूर्व आईएएस सुश्री सुमेधा कटारिया और कोर टीम सदस्य ममता सचदेवा, कंचन मोंगिया, पूजा छाबड़ा, कमल बत्रा, चंद्रिका संतोष दहिया आदि ने भी सहयोग किया।

**समारोह** राज्यस्तरीय श्लोकोच्चारण, संवाद व भाषण, पेंटिंग स्पर्धाएं हुई शुरू

# जीवन में पग-पग पर काम आएगा भगवद् गीता ज्ञान: कंवलजीत

**छह विधाओं में भाग ले रहे हैं 22 जिलों के 1200 विद्यार्थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र।



कुरुक्षेत्र। मंच पर मौजूद अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

जिला परिषद अध्यक्ष कंवलजीत कौर ने कहा कि गीता का ज्ञान प्राणी मात्र के सुखी जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है और विशेषकर विद्यार्थियों के लिए गीता ज्ञान बहुत उपयोगी है।

विद्यार्थियों को नियमित रूप से गीता पढ़नी चाहिए और इसकी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। जिला परिषद अध्यक्ष कंवलजीत कौर शुक्रवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के केशव सदन में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा गीता पर आधारित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहीं थी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया तो समग्र शिक्षा की जिला परियोजना समन्वयक इंदु कौशिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन सतबीर कौशिक ने किया। आगामी 30 नवम्बर तक चलने वाली स्पधार्ओं के अंतर्गत छह विधाओं में 22 जिलों के कुल 1200 विद्यार्थी भाग ले रहे है। जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि विद्यार्थी काल में ही गीता का भाव समझ गए तो यह जीवन में पग-पग पर काम आएगा। जीने की कला आ जाएगी। आपत्तियों तथा कष्टकर परिस्थितियों में निराशा नहीं घेरेगी। जब अर्जुन युद्ध भूमि में परिजनों को सामने देख विषादग्रस्त हो गए तब भगवान श्रीकृष्ण ने सभी संशयों व शंकाओ का समाधान गीता का संदेश देकर किया।

### पुरस्कार वितरण समारोह 30 को

जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि जिस प्रकार विद्यार्थी गीता पर आधारित स्पधार्ओं में उत्साह पूर्वक ढंग से भाग ले रहे हैं वह अपने आप में बहुत सुखद है। विद्यार्थियों ने गीता के श्लोकों का जिस प्रकार उच्चारण किया है वह प्रशंसनीय है। राज्यस्तरीय स्पधार्ओं के अंतर्गत 28 नवंबर को कक्षा छह से आठ वर्ग की निबंध, पेंटिंग, गीता संवाद, श्लोकोच्चारण व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी प्रकार 29 नवम्बर को कक्षा 9 से 12 वर्ग की उक्त पांचों स्पधार्एं सम्पन्न करवाई जाएंगी। दोनों वर्गों की गीता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह 30 नवंबर को सम्पन्न होगा।

## कुवि के सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मियों को प्रशासन की ओर से विदाई पार्टी



**कुरुक्षेत्र।** विश्वविद्यालय में 4 शिक्षकों व दो गैर-शिक्षक कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति अवसर पर प्रशासन की ओर से विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के उत्थान में शिक्षकों व कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। शिक्षक व कर्मचारी शिक्षण संस्थान का मजबूत आधार होते हैं जो संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों व कर्मचारियों से औपचारिक बातचीत की। सेवानिवृत्त होने वालों में कामर्स विभाग की प्रोफेसर नीलम रानी, इंस्ट्टियूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड आनर्स स्टडीज के प्रोफेसर अमृत सिंह, प्रोफेसर संतोष दहिया व एसोसिएट प्रोफेसर नवोदिता, बायो-कैमिस्ट्री विभाग से स्टोर कीपर महिपाल तथा संचालन शाखा से माली नाथू राम शामिल हैं। इस अवसर पर कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल, प्रो. महावीर नरवाल, प्रो. अश्विनी कुश, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा, कुंटिया महासचिव रविंद्र तोमर, अजमेर सिंह, सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवारजन मौजूद थे।

